जागरण

# Jewar Airport: नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट बड़े कामर्शियल हब के रूप में होगा विकसित, निर्यात के लिए बढ़ेगा एयर कार्गो




UP News नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए संयुक्त समन्वय समिति की बैठक में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पूरी तरीके से इको-फ्रेंडली ग्रीन एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जाए। यहां पानी की एक-एक बूंद बचाने पर जोर हो।

लखनऊ [राज्य ब्यूरो]। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बुधवार को कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश की बढ़ती उड्डयन जरूरतों को पूरा करने के साथ ही एक बड़े कामर्शियल हब के रूप में विकसित होगा। पर्यटकों की सुविधा में बढ़ोतरी के साथ ही औद्योगिक इकाइयों, हस्तशिल्पियों व किसानों के उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने की दृष्टि से एयर कार्गो को बढ़ावा देने पर खास जोर दिया जाए।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए संयुक्त समन्वय समिति की बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि जेवर एयरपोर्ट पूरी तरीके से इको-फ्रेंडली ग्रीन एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जाए। यहां पानी की एक-एक बूंद बचाने पर जोर हो। हमारी पूरी कोशिश हो कि एयरपोर्ट का जल प्रबंधन प्लान पूरे रिसर्च के साथ बनाया जाए, ताकि भविष्य में पानी की समस्या न आए। एसटीपी, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, वाटर स्टोरेज के साथ वाटर रिसाइक्लिंग की पूरी व्यवस्था यहां की जाए।

उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर हमें एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं पेपरलेस व कांटेक्टलेस सिस्टम को मजबूत बनाने पर काम करना होगा। कोई भी काम किसी भी वजह से रुके नहीं। विभागों के आपसी तालमेल से काम को तेजी से आगे बढ़ाना है। खुले दिमाग से नई तकनीक, नई सोच के साथ हम जेवर एयरपोर्ट को ऐसे अत्याधुनिक एयरपोर्ट के रूप में विकसित करें जो दुनिया के लिए प्रेरणा बने।

मुख्य सचिव ने कहा कि ये हम सबके लिए प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश सरकार ने वायुयानों का मेंटीनेंस, रिपेयरिंग और ओवरहालिंग की नीति मंजूर कर दी है। इसके तहत जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास दो एमआरओ हब बनाए जाएंगे। यह देश का सबसे बड़ा एमआरओ हब होगा। इसके बनने के बाद विमानों की मरम्मत के लिए विदेश नहीं जाना होगा। विमानों के रखरखाव में दूसरे देशों पर निर्भरता खत्म होगी और प्रदेश एमआरओ के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एवं नागरिक उड्डयन एसपी गोयल, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, सीईओ यीडा डा. अरुण वीर सिंह, निदेशक उड्डयन कुमार हर्ष, जेवर एयरपोर्ट के नोडल अधिकारी शैलेन्द्र भाटिया, चीफ कमिश्नर कस्टम नोएडा पाणिग्रही, डीआइजी सीआइएसएफ नार्थ जोन अम्बस्ठा सहित कई अन्य उपस्थित थे।